उर्वरक संयंत्रों के विस्तार की योजनाएं

6863. श्री अजीत जोगी : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में कुछ उर्वरक संयंत्रों का विस्तार करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान विस्तार किए जाने के लिए किन-किन संयंत्रों की पहचान की गई है ;

(ग) विस्तार कार्यक्रम पूरा हो जाने पर इन उर्वरक संयंत्रों की क्षमता में कितनी वृद्धि हो जाने की सम्भावना है; और

(घ) इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो (क) से (घ) नेशनल फर्टिलाइजर्स लि० (एन.एफ.एल.) के विजयपुर संयंत्र और इफको के आंवला संयंत्र को क्रमशः 987.26 करोड़ रुपए और 960 करोड़ रु० की अनुमानित लागत पर विस्तार के लिए मंजूरी प्रदान की गई है । इनमें से प्रत्येक परियोजना में प्रतिवर्ष 7.26 लाख टन यूरिया की अतिरिक्त क्षमता के सृजन की परिकल्पना की गई है और इनके 1996 के अन्त तक पूर्ण होने की सम्भावना है ।

487.47 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर मद्रास फर्टिलाइजर्स लि० की पुनरुद्धार परियोजना को भी मंजूरी प्रदान की गई है । परियोजना पूर्ण होने पर 300 टन प्रतिदिन अमोनिया और 515 टन प्रतिदिन यरिया की अतिरिक्त क्षमता प्रदान करेगी ।

Affairs of M/s. Carews

6864. SHRI H. HANUMANTHAPPA:
SHRI RAJNI RANJAN SAHU;
SHRI ANANT RAM JAISWAL:

Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to refer to answer to Unstarred Qustion. 3062 given in the Rajya Sabha on the 23rd Decmber, 1993 and state:

(a) whether it is a fact that it has been established that M/s. Carews is interconnected with U. B. Group;

(b) whether in view of this interconnection, Carews were not free to operate as a small scale sector unit;

(c) whether it is also a fact that besides Combiflam, they started production of a number of formulations as a small scale sector, without any industrial licence or price approval; and

(d) if so, what action has been taken against them to recover the amounts due and for violation of I (D&R) Act, 1951 and DPCO, 1979 and 1987?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (d) According to the advice received from the Department of Company Affairs, M/s. Carews is interconnected with the U. B. Group and the matter is subjudice.

हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कारपोरेशन के बरौनी, दुर्गापुर और नामरूप एकक I और II की उत्पादन क्षमता

6865. श्री ईश दत्त यादव : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कारपोरेशन के बरौनी, दुर्गापुर और नामरूप एकक I और II में उनकी क्षमता से अत्याधिक कम कार्य हो रहा है और उनका उत्पादन बहुत ही कम है ;

(ख) यदि हां, तो इनमें से प्रत्येक एकक की उत्पादन क्षमता कितनी है और पिछले तीन वर्षों के दौरान उनमें वस्तुतः कितना उत्पादन हुआ है; और